पत्रांकः–

प्रेषकः–

प्राचार्य,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर ।

सेवा में,

श्री लोकेश कुमार सिंह, भा0प्र0से0,
कार्यपालक निदेशक–सह–विशेष सचिव,
राज्य स्वास्थ्य समिति,
बिहार, पटना ।

मुज0 दिनांकः–

विषय– इस चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में एक जेनेरिक दवा स्टोर खोलने के संबंध में ।

महाशय,

उपरोक्त विषयक सूचित करना है कि श्री मंगल पाण्डेय, माननीय स्वास्थ्य मंत्री, बिहार सरकार, पटना के द्वारा दिनांक – 05.02.2018 को इस चिकित्सा महाविद्यालय में आहुत समीक्षात्मक बैठक में मरीजहीत के मद्देनजर एक जेनेरिक दवा स्टोर खोलने का निर्देश अधोहस्ताक्षरी को दिया गया है । जिसके अनुपालन में पूर्व में अधोहस्ताक्षरी द्वारा जेनेरिक दवा स्टोर खोलने हेतु अनुरोध किया जा चुका है ।

अतः उक्त के आलोक में पुनः अनुरोध है कि इस महाविद्यालय अस्पताल में निदेशानुसार जेनेरिक दवा स्टोर खोलने हेतु संबंधित एजेन्सी/संवेदक को अग्रतर कार्रवाई हेतु निर्देश देने का कष्ट किया जाए एवं उचित दिशा–निर्देश उपलब्ध कराने का कष्ट किया जाए ।

विश्वासभाजन

ह0/–
प्राचार्य

ज्ञापांकः–795/18 दिनांकः–16-3-18

प्रतिलिपिः–1) माननीय मंत्रीजी के आप्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2) प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3) संबंधित राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

4) उप महाप्रबंधक (परियोजना), BMSICL, Patna मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

5) अधीक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

6) आई0टी0 सेक्शन, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

16/3/18

प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर